राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 15 दिसम्बर। राजस्थान सरकार के शिक्षा, कला व संस्कृति, साहित्य तथा संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला तथा श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स (स्वतंत्र) तथा राजस्व राज्यमंत्री श्री सुखराम बिश्नोई ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ दोपहर 02.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान डॉ. बी. डी. कल्ला तथा श्री सुखराम बिश्नोई ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। डॉ. बी. डी. कल्ला तथा श्री सुखराम बिश्नोई के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री हरिमोहन शर्मा तथा सचिव श्री देशराज मीणा भी मौजूद रहे।

दिनांक 20 दिसम्बर, 2021 को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री शांति धारीवाल, जनजातीय क्षेत्रीय विकास तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राज्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह बामनिया तथा खेल एवं युवा मामलें, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता राज्यमंत्री श्री अशोक चाँदना राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रातः 11 बजे जनसुनवाई करेंगे। जिसमें प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र चौधरी, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, सचिव श्रीमती प्रतिष्ठा यादव उनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter